य एषु सुप्तेषु जागर्ति | वर्ष 4 | अंक 118 | पृष्ठ 14 | मूल्य 5.00 | झुंझुनूं, सोमवार, 2 फरवरी, 2026 | फाल्गुन कृष्ण पक्ष प्रतिपदा संवत् 2082

/rajasthanpatrika /rpbreakingnews /rajasthan_patrika

राजस्थान पत्रिका

UNION BUDGET 2026-27 आम बजट 2026-27

क्रिकेट में यूपीएससी वॉलीबॉल में सीएसआईआर रही चैम्पियन

पिलानी. केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीरी) में आयोजित राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का समापन हो गया। प्रतियोगिता में क्रिकेट स्पर्द्धा में यूपीएससी की टीम जबकि वॉलीबॉल में सीएसआईआर की टीम चैम्पियन रही। अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इससे पहले सीरी संस्थान में आत्माराम मेमोरियल वॉलीबॉल टूर्नामेंट एवं नायुडम्मा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट 27 से 31 जनवरी तक खेली गई। आत्माराम मेमोरियल वॉलीबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में सीएसआईआर टीम ने मेज़बान सीरी की टीम को पांच सेट के रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज की। नायुडम्मा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में यूपीएससी टीम ने भारतीय मौसम विभाग की टीम को हरा कर जीत दर्ज की। पुरस्कार वितरण समारोह में सीरी के सीएसआईआर के संयुक्त सचिव (प्रशासन) महेन्द्र गुप्ता मुख्यअतिथि थे। सीरी निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया ने अध्यक्षता की। अतिथियों ने उपस्थित को संबोधित करते हुए जीवन में अनुशासन के महत्त्व को बताया।अतिथियों ने विजेताओ को पुरस्कृत किया। क्रिकेट में यूपीएससी के अजय कुमार को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। वॉलीबॉल में सीरी के विजय बुडानिया को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब का प्रदान किया गया। संस्थान के वरिष्ठ हिन्दी अधिकारी रमेश बोरा ने प्रतियोगिता से जुड़ी जानकारी दी। प्रतियोगिता आयोजन सचिव डॉ. नीरज कुमार ने आभार जताया।

पिलानी विजेताओ को पुरस्कृत करते अतिथि।